Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सायं 7:09 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सुबह 5:12 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 15 अंक 307 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | गुरुवार, 6 जून 2024

काजोल से अपनी तुलना को...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### नीलगाय से टकराई कार, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली घायल

**नई दिल्ली।** दौसा में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस हाईवे पर राजस्थान विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली की गाड़ी का एक्सीडेंट हो गया। हादसे में जूली के बाएं हाथ में फैक्चर हुआ है। बताया जा रहा है कि हादसा नील गाय की वजह से हुआ। हादसे के बाद नेता जूली को जिला अस्पताल में ले जाया गया। मीडिया से बात कर ते हुए टीकाराम जूली अपने ठीक होने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आप लोगों की दुआओं का असर है कि हादसे के बाद भी मैं ठीक हूं। टीकाराम जूली ने बताया कि हादसा दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस हाईवे के भांडारेज इंटरचेंज कट के पांच किलोमीटर पहले हुआ। उन्होंने बताया कि कार के आगे अचानक से नीलगाय आ गई। जब कुछ समझ पाते कार गाय से टकरा गई। टीकाराम ने बताया कि हादसे तुरंत बाद ही कार के एयर बैग खुल गए, जिस कारण ज्यादा चोट नहीं आई। कार में चार लोग सवार थे, सभी सुरक्षित हैं। एक्सीडेंट की सूचना पर पहुंची पुलिस ने टीकाराम जूली को दौसा के रामकरण जोशी अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने उनके हाथ में प्लास्टर बांधा। उसके बाद उन्हें जयपुर रवाना किया गया।

### हरिद्वार-गढ़वाल में नए प्रत्याशी की वजह से रहा जीत का कम अंतर

**देहरादून।** भट्ट ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं ने पूरी मेहनत और लगन से काम किया है। 90 प्रतिशत से अधिक वाले बूथ अध्यक्षों को सम्मानित किया जाएगा। उत्तराखंड में लोकसभा की पांचों सीटों पर भाजपा की जीत के बाद आज प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने प्रेसवार्ता की। जिन 10 विधानसभाओं में हम हारे हैं उन सीटों की समीक्षा की जाएगी। इसके लिए कमेटी गठित की जाएगी। भट्ट ने कहा कि कार्यकर्ताओं ने मेहनत और लगन से काम किया है। 90 प्रतिशत से अधिक वाले बूथ अध्यक्षों को सम्मानित किया जाएगा।

## वट सावित्री: व्रत रखने वाली महिलाओं को तीनों देवताओं का आशीर्वाद

हल्द्वानी
उत्तरांचल दीप, डेस्क

आज वट सावित्री व्रत है। ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि को वट सावित्री व्रत रखा जाता है। यह उपवास सुहागिन महिलाओं के लिए बेहद खास होता है। इस दिन सुहागिनें वट वृक्ष की विधि अनुसार पूजा करती हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस व्रत में वट वृक्ष की पूजा करने से पति की लंबी आयु और जीवन में सुख-समृद्धि बनी रहती है। साथ ही इसमें ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों देवों का वास होता है। इसलिए व्रत रखने वाली महिलाओं को तीनों देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त होता है। वट सावित्री व्रत से पति की तरक्की के योग भी बनते हैं और रुके हुए कार्यों को गति मिलती हैं। ज्येष्ठ माह में आने वाला ये व्रत बेहद कठिन माना जाता है, क्योंकि इस माह गर्मी चरम पर होती है। ऐसे में कुछ महिलाएं निर्जला उपवास करती हैं। इससे शुभ फलों की प्राप्ति होती है। वहीं इस बार वट सावित्री व्रत 6 जून 2024 को रखा जाएगा। इस दिन शुभ मुहूर्त, सही पूजा विधि, कथा, आरती और मंत्र के बिना पूजा अधूरी मानी जाती है। ऐसे में आइए इन सभी को विस्तारपूर्वक जान लेते हैं। पंचांग के अनुसार वट सावित्री व्रत के दिन पूजा मुहूर्त प्रात: 11 बजकर 52 मिनट से दोपहर 12 बजकर 48 मिनट तक रहेगा। इस समय वट वृक्ष की पूजा कर सकती हैं।



### भक्तों के लिए मंगलकारी होंगे शनि

वट सावित्री के साथ शनि जयंती भी मनाई जाएगी। खास बात ये है कि इस दिन के ग्रह-नक्षत्रों से तीन बड़े शुभ संयोग बन रहे हैं। जो अखंड सौभाग्य की कामना से व्रत रखने वाली शनि भक्तों के लिए मंगलकारी होंगे। इस दिन किए गए तीर्थ स्नान, दान या पवित्र नदी के जल से नहाने से कई गुना पुण्य फल मिलता है। इस पर्व पर जरुरतमंद लोगों को भोजन और जल दान करने से कभी न खत्म होने वाला पुण्य मिलता है। ज्येष्ठ अमावस्या को शनिदेव का प्रकटोत्सव है। शनि से जुड़े दोषों से राहत पाने के लिए ज्येष्ठ अमावस्या बहुत ही खास दिन होता है।

## नई सरकार के गठन से पहले नड्डा के आवास पर भाजपा की अहम बैठक

नई दिल्ली
एजेंसी

लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद भाजपा नीत एनडीए सरकार बनाने की प्रक्रिया में जुट चुकी है। मंगलवार को जारी नतीजों के बाद नरेंद्र मोदी एक बार फिर प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ लेंगे। इस शपथ समारोह से पहले आज भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के आवास पर बैठक बुलाई गई हैं। इस बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह और राजनाथ सिंह समेत कई अन्य नेता भी मौजूद रहे। इस बैठक में गठबंधन पार्टियों का मंत्रिमंडल में स्थान से लेकर पार्टियों के नेताओं के चयन जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। कार्यवाहक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने को लेकर एनडीए की शुक्रवार को बैठक होने की संभावना है। अगले हफ्ते तक नई सरकार के शपथ लेने की संभावना है। लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे नरेंद्र मोदी ने बुधवार को गठबंधन पार्टियों के साथ एक बैठक की।



### इन दो पार्टियों पर निर्भर है नई सरकार

भाजपा की सहयोगी पार्टी जनता दल (जेडीयू) के नेताओं ने भी पार्टी अध्यक्ष नीतीश कुमार के साथ विचार विमर्श किया। हालांकि, अबतक क्षेत्रीय पार्टियों ने किसी भी तरह की कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। सूत्रों के अनुसार, क्षेत्रीय पार्टियां केंद्रीय सरकार में कई अहम मंत्री पद की मांग कर सकते हैं। एनडीए गठबंधन में 19 सांसदों के साथ तेलुगू देशम पार्टी (टीडीपी) के साथ सबसे बड़ी पार्टी और 12 सांसदों के साथ जनता दल दूसरी सबसे बड़ी पार्टी है। भाजपा के नेतृत्व वाली नई सरकार इन दो पार्टियों पर निर्भर है।

## सहस्त्रताल ट्रैक से लापता चार ट्रैकर्स के शव लाए भटवाड़ी हादसे में गई नौ की जान

देहरादून
हमारे संवाददाता

29 मई को कर्नाटक और महाराष्ट्र के ट्रैकरों का 22 सदस्यीय दल मल्ला-सिल्ला से कुश कल्याण बुग्याल होते हुए सहस्त्रताल की ट्रैकिंग के लिए रवाना हुआ था। जिसके बाद वह वहां फंस गए थे। उच्च हिमालयी क्षेत्र में स्थित सहस्त्रताल की ट्रैकिंग के दौरान मौसम खराब होने के चलते रास्ता भटकने से नौ ट्रैकरों ने जान गंवा दी। सूचना मिलने पर प्रशासन ने रेस्क्यू अभियान चलाकर 13 ट्रैकरों को सुरक्षित निकाल लिया। इनमें से 11 को एयरलिफ्ट किया गया था। दो को वन विभाग की टीम पैदल लेकर पहुंची। पांच के शव बुधवार को ही मिल गए थे, जबकि लापता चार ट्रैकर्स के शव आज भटवाड़ी लाए गए। रेस्क्यू ऑपरेशन समाप्त होने पर एसडीआरएफ की टीम भी उत्तरकाशी पहुंच गई है द्य टीम के अनुसार, आज वेंकटेश प्रसाद (53), पदमांधा कृष्णमूर्ति (50), अनिता रंगप्पा (60) और पद्मिनी हेगड़े (34) के शव लाए गए हैं। जबकि सिंधु वाकेलाम, आशा सुधाकर, सुजाता मुंगरवाडी, विनायक मुंगुरवाडी और चित्रा प्रणीत के शव बुधवार को लाए गए थे।



## थल से हल्द्वानी की ओर जा रही कार खाई में गिरी, एक की मौत, दूसरा घायल

पिथौरागढ़
हमारे संवाददाता

पिथौरागढ़ के गणाई गंगोली तहसील मुख्यालय के समीप एक कार अनियंत्रित होकर लगभग 25 मीटर नीचे चौकी जाने वाली सड़क पर गिर गई। इस दुर्घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल है।

पिथौरागढ़ के गणाई गंगोली तहसील मुख्यालय के समीप एक कार (यूके 05टीए 1832) अनियंत्रित होकर लगभग 25 मीटर नीचे चौकी जाने वाली सड़क पर गिर गई। इस दुर्घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल है। मिली जानकारी के अनुसार बृहस्पतिवार की सुबह थल से हल्द्वानी की ओर जा रही एक कार



गणाई गंगोली के समीप अनियंत्रित होकर दूसरी सड़क में गिर गई। इस दुर्घटना में सूरज सिंह और प्रकाश सिंह कार्की गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को गणाई गंगोली स्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने भट्टी गांव निवासी सूरज सिंह को मृत घोषित कर दिया। प्रेमनगर निवासी प्रकाश सिंह घायल है।

संबंधित खबर नौ की मौत पेज 2 पर

## पूर्वी भारत में अभी पांच दिन जारी रहेगी लू, ओडिशा में 36 की मौत

नई दिल्ली
एजेंसी

भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, बीते 24 घंटे के दौरान राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश और उत्तर पश्चिम मध्य प्रदेश के कई इलाकों में गर्म हवाएं चलीं। मध्य प्रदेश के कुछ इलाकों में धूल भरी आंधी चली।

देश के पूर्वी हिस्से, उत्तर प्रदेश और उत्तरी मध्य प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में अगले पांच दिनों तक लू की स्थिति जारी रह सकती है। उधर, ओडिशा में भीषण गर्मी के चलते अब तक 36 लोगों की जान चली गई। बुधवार को जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी के साथ बारिश हुई। राष्ट्रीय राजधानी और आसपास के कुछ इलाकों में हल्की बारिश हुई। प्रचंड गर्मी के बाद उत्तर पश्चिम भारत में कुछ स्थानों पर अब अगले दो दिन



आंधी-तूफान के साथ बारिश की संभावना है। कहीं-कहीं जोरदार बारिश हो सकती है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, बीते 24 घंटे के दौरान राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश और उत्तर पश्चिम मध्य प्रदेश के कई इलाकों में गर्म हवाएं चलीं। मध्य प्रदेश के कुछ इलाकों में धूल भरी आंधी चली। इसके अलावा, उप हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम, तमिलनाडु और तेलंगाना में कुछ स्थानों पर भारी तो कुछ पर बहुत भारी बारिश हुई। पूर्वोत्तर के राज्यों असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा में अलग-अलग स्थानों पर मूसलाधार बारिश हुई। तटीय आंध्र प्रदेश, रायलसीमा, उत्तरी आंतरिक कर्नाटक और मध्य महाराष्ट्र में भी कहीं-कहीं वर्षा दर्ज की गई। वहीं, उत्तराखंड और पश्चिमी मध्य प्रदेश में कई जगहों पर ओलावृष्टि हुई।

### दो दिन बिगड़ा रहेगा मौसम बारिश और ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट

देर रात को चली ठंडी हवाओं के बाद मौसम सुहाना हो गया। ऐसे में गर्मी झेल रहे प्रदेशवासियों ने राहत महसूस की। उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में मौसम बिगड़ा रहेगा। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार पहाड़ी जिलों में आज गर्जना के साथ बारिश और ओलावृष्टि होने के आसार हैं। साथ ही 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। वहीं, राजधानी दून में अगले दो दिन तक बारिश का अनुमान है। मौसम विभाग की ओर से इसको लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। बृहस्पतिवार को दून का अधिकतम तापमान 37 डिग्री और न्यूनतम 22 डिग्री सेल्सियस रहा सकता है। वहीं, बुधवार देर शाम को चली ठंडी हवाओं के बाद जमकर बारिश हुई। इससे मौसम सुहाना हो गया।

# खाई में गिरी मैक्स, चालक समेत सात की मौत और चार घायल

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

हल्द्वानी से पुटपुड़ी जा रही मैक्स बुधवार की शाम 6.30 बजे ओखलकांडा के पतलोट मोटर मार्ग से दो किमी पहले अनरबन के पास अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में वाहन चालक समेत सात लोगों की मौत हो गई। वहीं चार लोग घायल हो गए।

हल्द्वानी से पुटपुड़ी जा रही मैक्स बुधवार की शाम 6.30 बजे ओखलकांडा के पतलोट मोटर मार्ग से दो किमी पहले अनरबन के पास अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में वाहन चालक समेत सात लोगों की मौत हो गई। वहीं चार लोग घायल हो गए।

घायलों को विधायक राम सिंह कैड़ा, पुलिस, राजस्व विभाग और स्थानीय लोगों की मदद से खाई रेस्क्यू कर पतलोट प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां से उन्हें एबुलेंस की मदद से हल्द्वानी एसटीएच रेफर किया। हादसे की सूचना मिलते ही मृतकों और घायलों के परिजन मौके पर पहुंचे।

विधायक राम सिंह कैड़ा और स्थानीय निवासी प्रकाश चंद्र रुवाली ने बताया कि वाहन के खाई में गिरते ही ग्रामीणों के साथ खाई में उतरकर रेस्क्यू अभियान चलाया। साथ ही पुलिस और प्रशासन को घटना से अवगत कराया। आधे घंटे में पुलिस और प्रशासन की टीम से मृतकों और घायलों को सड़क पर लाया गया। हादसे में वाहन चालक भुवन चंद्र भट्ट (30)पुत्र डुंगर देव भट्ट निवासी पुटपुड़ी, उमेश परगांई (38) पुत्र हरीश परगांई निवासी भद्रकोट, ममता भट्ट (19) पुत्री भोलादत्त निवासी पुटपुड़ी, कविता परगांई (13) पुत्री महेश निवासी भद्रकोट, पार्वती देवी (33) पत्नी महेश चंद्र निवासी भद्रकोट और महेश चंद्र परगांई (36) पुत्री रमेश चंद्र, महेश चंद्र रेखाड़ी (45) की मौके पर मौत हो गई। वहीं घायलों को हल्द्वानी एसटीएच में भर्ती कराया गया है।

## घायलों को हल्द्वानी एसटीएच में भर्ती कराया



## सड़क हादसे में शिक्षक की मौत पर जताया दुःख

**हल्द्वानी।** ओखलकांडा सड़क हादसे में राजकीय प्राथमिक विद्यालय फूलचौड़ हल्द्वानी के सहायक अध्यापक महेश चंद्र रिखाड़ी के निधन पर उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संगठन जनपद नैनीताल से जुड़े शिक्षकों ने गहरी शोक संवेदना प्रकट की है। शोक व्यक्त करने वालों में संगठन जिला अध्यक्ष नंदराम ,जिला मंत्री डिकर सिंह पडियार, कोषाध्यक्ष मदन मोहन बिष्ट, मनोज तिवारी, हरीश आर्य, हरीश बिष्ट, अशीष बिष्ट, गोपाल बिष्ट, हीरा बासनी, ममता मुरारी, मनोज कपिल, सिद्धार्थ पंत, मुकेश फुलारा, महेंद्र बिष्ट, अनुपम बमेठा, रेखा खाती, मीना रौतेला, हरीश चन्द्र शर्मा, राकेश शर्मा, विजय कपिल, कुसुम मुरारी, मनोहर लाल, गीता भाकुनी, सरिता सामन्त, सविता नयाल, मालिनी पटवाल,ओम प्रकाश, हरेन्द्र पडियार, मंजू पांडे, आभा भैसोड़ा आदि शामिल हैं।

# छुट्टियां बिताने जा रहा था परिवार, तीन की मौत

**सितारगंज**

**हमारे संवाददाता**



सिसौना सितारगंज से गर्मियों की छुट्टी मनाने भदकोट जा रहे छह सदस्यीय परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई। तीन भाइयों के सिर से मां-बाप का साया उठ गया। घायल तीनों बच्चों का एसटीएच में इलाज चल रहा है।

मूलरूप से भदकोट निवासी महेश चंद्र परगाई (40) सिडकुल में नौकरी करते थे। वह सिसौना सितारगंज में छह सदस्यीय परिवार के साथ रहते थे। बच्चों के स्कूल की छुट्टी पड़ी तो उनकी पत्नी पार्वती (34) ने परिवार के साथ भदकोट जाने का प्लान बनाया। बुधवार को दपंती अपने चार बच्चों के साथ सितारगंज से बस से हल्द्वानी आए। यहां से मैक्स वाहन में बैठकर भदकोट के लिए रवाना हो गए। खनस्यू बाजार से आगे मैक्स खाई में गिर गई।

इस हादसे में महेश चंद्र परगाई (40), पार्वती परगाई (34) और पुत्री कविता परगाई (10) की मौके पर ही मौत हो गई। उधर इनके तीन बेटे पंकज परगाई (12), मनोज परगाई (10) और लोकेश परगाई समेत सात घायल हो गए। देर रात सभी घायलों को सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।



# लॉगव्यू पब्लिक स्कूल के प्रांगण में फेस्ट का आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर के प्रतिष्ठित लॉगव्यू पब्लिक स्कूल के प्रांगण में फेस्ट का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया गया जिसमें वॉल पेन्टिंग, रंगोली, कैलीग्राफी, रैम्प वॉक, कार्ड मेकिंग इत्यादि प्रमुख थी। विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न पोस्टरों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के सम्बंध में वहां मौजूद लोगों को जागरूक किया । निर्णायक को द्वारा विजेता प्रतिभागियों का चयन किया गया  इस वर्ष की विजयी दल को हाउस आफ दी ईयर की ट्राफी प्रदान करी गयी। जो एलपीएस फेस्ट की ट्राफी यल्लो हाउस (कंचनजंगा हाउस) ने प्राप्त करी। कार्यक्रम के अंत में अतिथि और प्रधानाचार्य भुवन त्रिपाठी द्वारा ट्रॉफी देकर प्रस्तुत किया गया इस अवसर पर  निर्णायक जनों ने छात्रों की बनाई हुई कलाकृतियों की सहराहना करी। प्रधानाचार्य भवन त्रिपाठी द्वारा अतिथियों का स्वागत कर सफल आयोजन के लिए छात्रों का उत्साहवर्धन किया।

# सामान लेने को लेकर पर्यटकों ने कारोबारी के साथ मारपीट

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर के माल रोड में एक मेडिकल स्टोर में देर रात सामान लेने के दौरान कारोबारी और पर्यटकों के बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ा तो पर्यटकों ने कारोबारी के साथ मारपीट कर दी। दोनो पक्षों ने कोतवाली पहुंचकर करवाई की मांग की है।



जानकारी के मुताबिक मंगलवार की रात करीब 11 बजे मल्लीताल निवासी अमरप्रीत मालरोड में अपनी दवा की दुकान बंद कर घर को निकाल रहे थे इस दौरान उनकी बुजुर्ग माँ और बच्ची भी उनके साथ में थी। इसी दौरान दो पर्यटक दुकान पहुंचकर बच्चे के लिए दवा देने की बात कहने लगे। बच्चे की दवा के लिए कारोबारी ने दुकान खोल दी लेकिन दुकान खुलने के बाद पर्यटक दवा के स्थान पर निरोध मांगने लगा। इस पर जब कारोबारी ने पूछा कि बच्चे की दवा का बहाना क्यों बनाया तो पर्यटक उलटा जवाब देकर ऑनलाइन पेमेंट करने की बात कहने लगे, जब कारोबारी ने नेट नहीं चलने के कारण कैश में भुगतान करने की बात कही तो पर्यटक गाली गलौच और धक्का मुक्की पर उतर आए। कारोबारी का आरोप है कि उनकी मां बीच बचाव को पहुंची तो पर्यटकों ने उनके साथ भी मारपीट की और भाग गए जिसके बाद उन्होंने 112 पर पुलिस को सूचित किया और अन्य कारोबारियों को साथ पर्यटकों का पीछा करने लगे।

इधर मालरोड के समीप उन्होंने पर्यटकों को पकड़ लिया जहां दोनों पक्षों में जमकर मारपीट शुरू हो गई। दोनों पक्ष बुधवार को कोतवाली आ धमके जहां देर तक दोनों पक्ष एक दूसरे पर आरोप लगाते रहे जब पुलिस की ओर से कार्रवाई की बात कही गई तो पर्यटक शांत हो गए। मामले में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह ने बताया कि दोनो पक्षों के बीच समझौता हो गया है।

## NEWS / फटाफट

### 24 घंटे से पानी न आने पर पेयजल को तरसे लोग

**नैनीताल।** उमस व गर्मी के बीच नैनीताल के तल्लीताल क्षेत्र में बीते 24 घंटे से पानी न आने से लोग परेशान हे चुके हैं। लोगों की शिकायत के बाद भी जल संस्थान पर पेयजल आपूर्ति नहीं करने का आरोप लगाया है। बता दें कि नैनीताल में गर्मी के चलते इन दिनों पेयजल आपूर्ति प्रभावित होने लगी है। बुधवार को तल्लीताल के कैलाश व्यू व वैल व्यू कंपाउंड क्षेत्र में पानी न आने से लोग परेशान हो गए। स्थानीय निवासी संजय साह ने बताया कि बीते 24 घंटे से पानी न मिलने के कारण लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई लोगों के घरों में स्टोरेज न होने के चलते लोगों को बाजार से पानी खरीदना पड़ा। वहीं देर शाम जल संस्थान के सहायक अभियंता डीएस बिष्ट ने बयया कि बिजली न होने व बाद में वोल्टेज कम होने के चलते पेयजल आपूर्ति नहीं हो पाई थी। लेकिन शाम को पेयजल आपूर्ति कर दी गई है।

### लोकसभा प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने जताया आभार



**हल्द्वानी।** कांग्रेस लोकसभा प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने हार को स्वीकार करते हुए लोकसभा की जनता का जताया आभार। आज प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने कहाँ कि संगठन को और मजबूत करने की है जरूरत है और कांग्रेस आम जन से जुड़ कर उनकी समस्याओ के लिये लगातार संघर्ष करेंगी। उन्होंने कहाँ कि जनता के बीच जाकर ढूंढेंगे अपनी हार का कारण इसके लिये जनता से सीधा संवाद किया जायेगा। जोशी ने कहाँ कि आगामी चुनाव को मजबूत रणनीति बनाकर लड़ेगी कांग्रेस। इस मौक़े पर विधायक सुमित हृदयश ने कहाँ कि देश कि जनता ने इस चुनाव में मोदी फेक्टर को अस्वीकार कर दिया है। इस मौक़े पर जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, महानगर अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट मौजूद रहे।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

–संपादक

**पूर्व प्रधान संपादकः**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्सः05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
**आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558**
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार स्कूल में विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर वृहद पौधरोपण कार्यक्रम

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर के दुर्गापुर स्थित प्रतिष्ठित पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर वृहद पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष कविता गंगोला ने सभी का आह्वान किया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए खाली जगहों पर अधिक से अधिक पौधरोपण करना हम सबकी जिम्मेदारी होनी चाहिए।



बता दें कार्यक्रम में डीएफ ओ बलवंत सिंह शाही का विशेष मागदर्शन रहा,उन्होंने कहा कि विद्यालय परिसर में लगभग 150 छायादार फलदार और औषधीय पौधे वन विभाग की ओर से लगाए जाएंगे जिसमें किन्नू, माल्टा, संतरा, खुमानी, ताइवानी, अमरूद, आडू, मौसमी, बादाम, नासपती व चेरी समेत सेव, बब्बूबोसा व वाज आदि लगभग 57 प्रजातियों के पौधों का रोपण किया जाएगा।

कार्यक्रम के अध्यक्ष व कालेज के प्रधानाचार्य डा. सूर्य प्रकाश ने कहा कि वृक्ष लगाना जितना महत्वपूर्ण है उनका रख रखाव करना भी अति महत्वपूर्ण है। अत¬ वन विभाग द्वारा आरोपित सभी पौधों के रख रखाव की समस्त जिम्मेदारी विद्यालय परिवार की है। इस मौके पर दिनेश तिवारी रेंज अधिकारी गांजा, प्रवेश दाऊदी वन आरक्षी गांजा, अंबिका, नीरज जोशी, विक्रम यादव, दीप्ति बिष्ट,मधु शाह, कृपाल सिंह, डा. माधव प्रसाद सनातनी, डा. पंकज शुक्ल, डा. प्रमोद बघेल, घनश्याम, निर्दोष तथा राहुल आदि लोगों ने पौधरोपण भी किया और पुन¬ एक बार पर्यावरण को बचाने का संकल्प लिया।


# सीडीओ ने ली ऑरियनप्रो सॉल्यूशन्स लिमिटेड के प्रतिनिधियों के साथ बैठक

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार ने विकास भवन में ग्रामीण सूक्ष्म लघु उद्योगों व स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित हैंडीक्राफ्ट उत्पादों को अंतर्राष्ट्रीय बाजार उपलब्ध कराने हेतु ग्रामीण व्यवसाय इन्क्यूबेटर (आरबीआई) के कार्मिकों व वॉव हैंडीक्राफ्ट ऑरियनप्रो सॉल्यूशन्स लिमिटेड के प्रतिनिधियों के साथ बैठक ली। बैठक में सीडीओ  ने कहा कि हस्तशिल्प को बढ़ावा देकर हम पारंपरिक कौशल और ज्ञान के संरक्षण में योगदान दे सकते हैं, इसके लिए विशेष प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने परियोजना निदेशक अजय सिंह को निर्देश दिए कि प्रतिमाह प्रदर्शनी आयोजित कर औद्योगिक संस्थानों को भी बुलायें  ताकि ग्रामीण उद्यमियों व स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा उत्पादित वस्तुओं को वृहद् स्तर पर पहचान मिल सके व उन्हें वस्तुओं के विपणन हेतु और अधिक बाजार उपलब्ध हो सकें और उत्पादों का उचित मूल्य भी प्राप्त हो सके। बैठक में उन्होंने वॉव हैंडीक्राफ्ट के प्रतिनिधियों से ग्रामीण उत्पादों की ब्रांडिंग, पैकेजिंग के साथ ही मार्केटिंग बिजनेश प्लानिंग, निवेश एवं व्यापार प्रशिक्षण में तकनीकी सहयोग करने के निर्देश दिए। उन्होंने वॉव हैंडीक्राफ्ट ऑरियनप्रो सॉल्यूशन्स लिमिटेड द्वारा किये जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारियां भी ली। बैठक में परियोजना निदेशक अजय सिंह, रूरल बिजनेस इन्क्यूबेटर(आरबीआई) से हेमंत बजेठा, अनुपम अवस्थी, मनोज कांडपाल, वॉव हैंडीक्राफ्ट के स्नेहल पंडित, इंदर सिंह, नितिन पटेल आदि मौजूद थे।

# अभिमत



## कानून व्यवस्था की चुनौती

*पृथक उत्तराखंड राज्य बनने के बाद पर्वतीय क्षेत्र में अपराधों की बाढ़ सी आ गई है। हत्या, दुष्कर्म, अपहरण, चोरी जैसी वारदातों की भरमार हो गई है। अवैध शराब, स्मैक, चरस, गांजा, नशीले इंजेक्शन, मादक पदार्थों की तस्करी के मामले आये दिन सामने आ रहे हैं। साइबर क्राइम की घटनाएं हो रही हैं। सुप्रीम कोर्ट ने वर्ष 2004 में राजस्व पुलिस व्यवस्था समाप्त कर एक समान कानून व्यवस्था करने को कहा था। पौड़ी के राजस्व क्षेत्र में अंकिता भंडारी हत्याकांड में राजस्व पुलिस की लापरवाही पाये जाने पर हाईकोर्ट ने पूरे राज्य को रेगुलर पुलिस को सौंपने को कहा था। अब हाईकोर्ट ने एक साल में पूरा उत्तराखंड रेगुलर पुलिस को सौंपने को कहा है।*

उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्र में ब्रिटिश शासनकाल में कानून व्यवस्था राजस्व पुलिस को सौंपी गई थी। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद उत्तर प्रदेश का हिस्सा होने पर अधिकांश पर्वतीय क्षेत्र में अपराध होने पर पटवारी मामले की विवेचना करते थे। भाबर और तराई क्षेत्र में रेगुलर पुलिस कानून व्यवस्था कायम रखने का दायित्व निभाती थी। पृथक उत्तराखंड राज्य का गठन होने पर नये जिलों का गठन हुआ। आईपीएस और पीपीएस अधिकारियों के साथ ही अधीनस्थ कर्मचारियों की संख्या बढ़ाई गई। कोतवाली, थाने और पुलिस चौकियों में इजाफा करके पर्वतीय क्षेत्र के अधिकांश हिस्से को रेगुलर पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। करीब चार दशक पहले पर्वतीय क्षेत्र को कानून व्यवस्था की दृष्टि से संतोषजनक माना जाता था। पर्वतीय क्षेत्र के लोगों को शांत और अनुशासित माना जाता था। आपराधिक घटनाएं नगण्य थीं। पृथक उत्तराखंड राज्य बनने के बाद पर्वतीय क्षेत्र में अपराधों की बाढ़ सी आ गई है। हत्या, दुष्कर्म, अपहरण, चोरी जैसी वारदातों की भरमार हो गई है। अवैध शराब, स्मैक, चरस, गांजा, नशीले इंजेक्शन, मादक पदार्थों की तस्करी के मामले आये दिन सामने आ रहे हैं। साइबर क्राइम की घटनाएं हो रही हैं। सुप्रीम कोर्ट ने वर्ष 2004 में राजस्व पुलिस व्यवस्था समाप्त कर एक समान कानून व्यवस्था करने को कहा था। पौड़ी के राजस्व क्षेत्र में अंकिता भंडारी हत्याकांड में राजस्व पुलिस की लापरवाही पाये जाने पर हाईकोर्ट ने पूरे राज्य को रेगुलर पुलिस को सौंपने को कहा था। अब हाईकोर्ट ने एक साल में पूरा उत्तराखंड रेगुलर पुलिस को सौंपने को कहा है। राज्य सरकार के लिए यह कार्य कठिन नहीं है। राज्य के सभी जिला मुख्यालयों पर पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों का पूरा बुनियादी ढांचा मोजूद है। पुलिस स्टेशनों के क्षेत्र का विस्तार करने की आवश्यकता है। वर्तमान में उत्तराखंड के जिला, तहसील मुख्यालयों में भी अपराध बढ़ रहे हैं। रेगुलर पुलिस अपराध रोकने में नाकाम साबित हो रही है। यातायात के लिए सीपीयू, होमगार्ड और रेगुलर पुलिस के कर्मचारी नियंत्रित नहीं कर पा रहे हैं। कार्य संस्कृति एवं इच्छा शक्ति के अभाव के कारण अपराध नहीं रुक पा रहे हैं। पुलिस टीमें बनाकर अपराधों का येनकेन प्रकारेण खुलासा करके पुलिस अधिकारी अपनी पीठ थपथपा रहे हैं। अंकिता भंडारी हत्याकांड के दोषियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई पुलिस नहीं कर पाई है। अंकिता भंडारी के माता-पिता आंदोलन करके राज्य सरकार और पुलिस से न्याय की गुहार लगा रहे हैं। अंकिता भंडारी हत्याकांड की गूंज राष्ट्रीय स्तर तक सुनाई दी। लोकसभा चुनाव में भी इसे मुद्दा बनाया गया। विपक्ष लगातार अपराधों के खिलाफ आवाज उठाता रहा है। रेगुलर पुलिस को अपराध रोकने की चुनौती स्वीकार करनी होगी।

# राज्यपाल ने की होटल एंड रैस्टोरेंट व बोट एसोसिएशन बैठक

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने बुधवार को राजभवन में नैनीताल होटल एंड रैस्टोरेंट एसोसिएशन और बोट एसोसिएशन नैनीताल के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में राज्यपाल ने दोनों एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ नैनीताल में पर्यटकों हेतु सुविधाओं और अवस्थापना विकास से संबंधित चुनौतियों व समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की और उनके सुझाव प्राप्त किए।

बैठक में राज्यपाल ने कहा कि नैनीताल का प्राकृतिक सौंदर्य और झील देश एवं विदेश के पर्यटकों को आकर्षित करता है। उन्होंने कहा कि समय के अनुरूप अवस्थापना सुविधाओं को विकसित किया जाना जरूरी है, इस ओर सरकार द्वारा भी प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने पदाधिकारियों से पर्यटन क्षेत्र में मॉर्डनाइजेशन व वैल्यू एडिशन किए जाने के सुझाव दिया। राज्यपाल ने कहा कि पार्किंग की समस्या से निपटने के लिए छोटी-छोटी पार्किंग, मल्टीस्टोरी पार्किंग व रोप वे आदि से इस समस्या का समाधान किया जा सकता है इसके लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं। राज्यपाल ने कहा कि नैनीताल की झील यहां आने वाले पर्यटकों के लिए आकर्षण का मुख्य केंद्र है जिसका रखरखाव किया जाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि बाहर से आने वाले पर्यटकों की सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि नेशनल हाइड्रोग्राफर ऑफिस देहरादून द्वारा नैनीताल झील का जल्द ही सर्वे किया जाएगा।

बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा नैनीताल में पर्यटन व्यवसाय से संबंधित चुनौतियों के बारे में राज्यपाल को अवगत कराया। पदाधिकारियों द्वारा नैनीताल झील की सिल्ट को हटाने, मुख्य रूप से शहर की पार्किंग क्षमता बढ़ाए जाने, ट्रैफिक व्यवस्था को सुदृढ़ किये जाने, नैनीताल स्थित रक्षा संपदा की भूमि को पार्किंग के रूप में विकसित किए जाने, पेयजल व्यवस्था के लिए वैकल्पिक समाधान खोजने, पुराने होटलों के पुनर्निर्माण कार्यों की स्वीकृति दिए जाने, मानसखंड हेतु विशेष ट्रेनों के संचालन किए जाने, नैनीताल तक बड़ी बसों के संचालन, पंतनगर एयरपोर्ट को के विस्तारीकरण किए जाने जैसे सुझाव व समस्याओं से अवगत कराया।

बैठक में बोट एसोसिएशन द्वारा नैनी झील में बने बोट स्टेंड में शेल्टर बनाए जाने का सुझाव दिया जिससे बरसात के मौसम में पर्यटकों को खड़े होने की सुविधा हो सके। इसके साथ नगर पालिका द्वारा दिए जाने वाले लाइफ जैकेट विगत तीन वर्षों से नहीं दिए गए हैं जिन्हें उपलब्ध कराने का अनुरोध किया।

उन्होंने झील के सौंदर्यीकरण तथा सड़कों की मरम्मत की जरूरत बताई। राज्यपाल ने सभी समस्याओं के लिए उचित कार्यवाही का आश्वासन देते हुए कहा कि इसके लिए संबंधित विभागों तथा स्थानीय प्रशासन के अलावा मुख्य सचिव एवं मुख्यमंत्री से वार्ता कर सुझावों पर अमल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कुछ सुझावों पर कार्यवाही गतिमान भी है। बैठक में होटल एसोसिएशन अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट तथा बोट एसोसिएशन के अध्यक्ष रामसिंह बिष्ट सहित दोनों संगठनों के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## युवक ने पुलिस कर्मी पर लगाया मारपीट का आरोप

**नैनीताल।** नगर के तल्लीताल क्षेत्र निवासी एक युवक ने मंगोली चौकी के एक पुलिस कर्मी पर मारपीट का आरोप लगाया है। मामले में युवक की ओर से जिले के पुलिस कप्तान को शिकायती पत्र सौंप कार्रवाई की मांग की है।

तल्लीताल कृष्णापुर निवासी हरीश रौतेला ने शिकायती पत्र देते हुए कहा है कि वह बीते दिनों शाम पांच बजे अपने वाहन खुर्पाताल की ओर गया था वह खुर्पाताल से वापस आ रहा था तभी सरिताताल के समीप एक वाहन से पास लेने के दौरान पुलिस कर्मी ने उसका वाहन रोक लिया।

आरोप लगाया है कि पुलिसकर्मी नशे की हालत में था जिसने उसके साथ मारपीट की। मारपीट के दौरान उसके हाथ में गंभीर चोट आई है साथ ही उसके वाहन की फोटो लेकर सीज करने की भी धमकी दी गई है। युवक ने पुलिस कप्तान को शिकायती पत्र भेज कार्रवाई की मांग की है।

# ओमेक्स के गंगेश पार्क में पौधारोपण कर पर्यावरण रक्षा का संकल्प लिया

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**



ओमेक्स कालोनी के गंगेश पार्क में विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण प्रेमियों ने पौधारोपण किया और पर्यावरण की रक्षा के लिए संकल्प लिया।इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण चुघ के नेतृत्व में विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर लोगों ने पौधारोपण किया।

उन्होंने पर्यावरण को बचाए रखने का आवाहन किया ।भाजपा नेता चुघ ने कहा कि जिस प्रकार से भीषण गर्मी का खतरा लगातार मंडरा रहा है ऐसे में सभी लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक होना होगा और जगह-जगह अपनी सुविधा के अनुसार पौधा रोपण करना होगा,क्योंकि पेड़ पौधे ही प्रकृति के रक्षक हैं, जो मानव को जीवन दान देते हैं ऐसे में सभी लोग प्रकृति के साथ जुड़े और किसी भी तरह से प्रकृति से खिलवाड़ ना करें।विश्व पर्यावरण दिवस पर एक दर्जन से अधिक पौधारोपण किया गया। जिसमें अशोक नीम व अन्य पौधों का रोपण किया गया। जिसमें सभी लोगों ने अपना सहयोग दिया। चुघ ने कहा कि यह अभियान पिछले पांच सालों से चलाया जा रहा है।समिति के योगेश लांबा ने कहा कि पिछले कई वर्षों से पर्यावरण की रक्षा के लिए समिति की तरफ से पौधा रोपण किया जाता है जो आगे भी जारी रहेगा। इस मौके पर डेढ़ वर्षीय बालिका सुखदा गिरधर ने भी अपने हाथों से पौधारोपण किया और उसके पश्चात उसे पौधे में जल संचित किया इस अवसर पर जितेंद्र साहनी ,नव्या चुघ, राजेंद्र गिरधर, गौरव ग्रोवर,,रवि, विशेष कुमार , रिंटू बंसल ,नरेश कुमार, पुनीत आनंद,विहान लांबा, सार्थक गोड, विनीत सिंह, सुमित सिंह, नरेश कुमार, विक्की, विशाल आदि मौजूद थे।

# फिल्मी दुनिया

## काजोल से अपनी तुलना को लेकर तनीषा नहीं होती हैं परेशान



*तनीषा मुखर्जी बॉलीवुड एक फिल्मी परिवार से आती हैं। उनकी बहन काजोल के अलावा उनकी मां तनुजा भी एक दिग्गज कलाकार हैं। तनीषा ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा, मैं खुद को सौभाग्यशाली मानती हूं कि मुझे एक ऐसी जिंदगी मिली है जहां मैं आराम से अपनी मर्जी से जी रही हूं। फिल्म अभिनेत्री तनीषा मुखर्जी बॉलीवुड की सुपर स्टार काजोल की बहन हैं। उन्होंने कई फिल्मों में काम किया है, लेकिन उन्हें वह सफलता नहीं मिली जो काजोल को मिली है। तनीषा पिछले दिनों रियलिटी शो झलक दिखला जा में नजर आई थीं। इस शो में दर्शकों को तनीषा का एक अलग अंदाज देखने को मिला था। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान तनीषा खुलकर अपने करियर और काजोल से अपनी तुलना के विषय में बातें करती नजर आईं। तनीषा मुखर्जी बॉलीवुड एक फिल्मी परिवार से आती हैं। उनकी बहन काजोल के अलावा उनकी मां तनुजा भी एक दिग्गज कलाकार हैं। तनीषा ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा, मैं खुद को सौभाग्यशाली मानती हूं कि मुझे एक ऐसी जिंदगी मिली है जहां मैं आराम से अपनी मर्जी से जी रही हूं। मुझे जो कुछ भी चाहिए वह मिला और मुझे इसके लिए काम पड़ा। मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता है कि लोग मेरी तुलना काजोल करते हैं।*

### मैं खुश और संतुष्ट हूं

*तनीषा मुखर्जी अपनी बात जारी रखते हुए कहती हैं, हर किसी की अपनी एक यात्रा होती है। मेरा करियर काजोल के करियर से काफी अलग है। मैं जानती हूं मेरा करियर उतना अच्छा नहीं है जितना काजोल का है और मैं इस बात से दुखी नहीं हूं। मुझे पता है उन्होंने 16 साल की उम्र में काम करना शुरू कर दिया था। उन्होंने कितनी मेहनत की है इसकी गवाह मैं हूं।*

# वार्ता: कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के आशीर्वाद से भारी बहुमत

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

भाजपा मंडल पदाधिकारियों ने बुधवार को नैनीताल क्लब में प्रेस वार्ता का आयोजन किया। इस दौरान नैनीताल विधान सभा की विधायक सरिता आर्य ने कहा कि भाजपा के देवतुल्य कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के आशीर्वाद से भारी बहुमत से प्रदेश की पांचों सीटों में भाजपा ने विजयश्री हासिल की है।

विधायक आर्या ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की भाजपा सरकार के विकास कार्यो की जीत में मुख्य भूमिका रही है। कार्यकर्त्ताओं द्वारा प्रमुख स्तर एवं बूथ स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक अपने दायित्वों का निर्वाह बखूबी किया है। यह प्रदेश में पांचों सीटों की जीत में सहायक रहा है। विधायक ने बताया कि विधानसभा में मुख्यमंत्री एवं प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा कई विकास कार्य कराए जा रहे हैं उसमें प्रमुख रूप से वर्तमान में नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत जीर्ण क्षीर्ण 60 से भी अधिक सड़कों का निर्माण कार्य शुरू हो गया है वहीं नगर पालिका चुनाव को लेकर विधायक ने कहा कि पुराने कार्यकर्ताओं को ही टिकट मिलना चाहिए। इस दौरान मंडल अध्यक्ष आनंद सिंह बिष्ट समेत अरविन्द सिंह पडियार,डॉ.मोहित रौतेला, मोहित साह,हरीश सिंह राणा, विमल सिंह बिष्ट, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज जोशी समेत अन्य कार्यकर्त्ता मौजूद रहें।



## News कॉर्नर

### 9 जून को मनाया जाएगा 101वां जन्मोत्सव

**नैनीताल ।** सीआरएसटी इंटर कालेज नैनीताल के पूर्व प्रबन्धक स्वर्गीय चंद्र लाल साह ठुलघरिया का 101वॉ जन्मोत्सव 9 जून (रविवार) को मनाया जाएगा। इससे पूर्व गुरुवार (आज) को एक नेचर वॉक विद्यालय से सुबह 6 बजे अयारपाटा होते हुए बारापत्थर को प्रस्थान करेगी जिसमें शहर के विभिन्न विद्यालयो के छात्र एवं छात्राएं इसमें प्रतिभाग करेंगे। कालेज के प्रधानाचार्य मनोज कुमार पांडे ने बताया कि नेचर वॉक के साथ साथ मोबाइल फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया है जिसमें सभी प्रतिभागी विद्यार्थी नेचर वॉक के दौरान अपने मोबाइल से फोटो खींचकर प्रतियोगिता के लिए प्रदान किए गए व्हाटसैप नंबर पर भेजेंगे।

### स्मैक समेत एक दबोचा



**हल्द्वानी।** वनभूलपुरा थाना पुलिस ने एक युवक को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया गया।वनभूलपुरा थाना पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी। क्षेत्र में चैकिंग के दौरान पुलिस ने शाकिब पुत्र मौ. राशिद निवासी लाइन नंबर 8 आजादनगर थाना बनभूलपुरा को 29.51 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। पूछताछ में उसने बताया कि वह स्मैक गांधीनगर में रहने वाले रघु से खरीदकर लाया है। पुलिस ने युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# शेरवुड कॉलेज का तीन दिवसीय 155वॉ वार्षिकोत्सव संपन्न

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय शेरवुड कॉलेज का तीन दिवसीय 155वॉ वार्षिकोत्सव बुधवार को विविध कार्यक्रमों के साथ संपन्न हो गया। इस दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले रॉबिन हुड हाउस ने सर्वश्रेष्ठ कॉक हाउस ट्रॉफी जीती।

समापन पर कालेज के सभागार में विद्यार्थियों की इंडियन म्यूजिक सोसाइटी ने स्वरांजलि के तहत मंत्रमुग्ध मधुर संगीत का समा बांध दिया जिसकी श्रोताओं ने खूब प्रसंशा की। मुख्य अतिथि रियर एडमिरल वीएसएम (सेनि) व विद्यालय में 1982 बैच के कॉलेज कैप्टन रहे दीपक बंसल ने अपने संबोधन में कहा कि शेरवुड की शिक्षा की बदौलत वह इस मुकाम तक पहुंचे हैं। यह विद्यालय 155 वर्ष परंपरा का आज भी बखूबी निर्वहन कर रहा है। उन्होंने विद्यालय में बिताए गए दिनों की स्मृतियां सांझा की और विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों की जमकर तारिफ की।



इससे पूर्व बीती देर रात तक विद्यालय प्रांगण में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही जिसमें टॉर्च लाइट व जिम्नास्टिक की शानदार प्रस्तुति की गई। इसके अलावा नाटकों व क्वायर संगीत ने दर्शकों का मनोरंजन किया।

समारोह के अंत में कालेज के प्रधानाचार्य अमनदीप संधू ने कालेज की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की और अतिथियों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर डीआरडीओ की वरिष्ठ विज्ञानी डा निधि बंसल, ग्रेगमान मॉर्डन स्कूल दिल्ली के प्रधानाचार्य डा. विजय दत्त समेत हेम चंद्र पांडे, बासू साह, मनमोहन सिंह समेत अभिभावक व विद्यार्थी मौजूद थे।

# आठ से बंद रहेगा भवाली डिपो में रोडवेज बसों का संचालन

**हल्द्वानी/भवाली**

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड परिवहन निगम भवाली डिपो में उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन से जुड़े सदस्यों व पदाधिकारियों की बैठक में 8 जून से हड़ताल करने का निर्णय लिया गया है।

कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि सहायक महाप्रबंधक कर्मचारी समस्याओं का निदान नहीं कर रहे हैं व कर्मचारियों का उत्पीड़न कर रहे हैं। उनका कहना था कि सहायक महाप्रबंधक अपने निजी स्वार्थ के चलते परिवहन सेवाओं को प्रभावित कर रहे हैं जिससे कर्मचारियों में आक्रोश है। पर्यटक सीजन के दौरान कर्मचारियों के आंदोलन से पर्यटकों को कैंची धाम के श्रद्धालुओं पर खासा असर देखने को मिलेगा 15 जून के मेले को लेकर कैंची धाम में अत्यधिक सवारियां आती हैं। दिल्ली देहरादून आगरा अन्य राज्यों से आने वाली सीधी सवारियों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा वहीं स्कूली छात्रों को वरिष्ठ नागरिकों को भी परिवहन सेवाओं का लाभ नहीं मिल पाएगा। भवाली डिपो में पूर्व में भी उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन के आंदोलन में शत-प्रतिशत संचालन बंद रहा था ।



*कर्मचारी समस्याओं का समाधान न होने पर प्रबंधक को आंदोलन का नोटिस दिया गया है समय रहते अगर वार्ता कर समस्याओं का समाधान नहीं करा गया तो सभी कर्मचारी 8 जून से हड़ताल पर चले जाएंगे।*

***-दिनेश दुमका शाखा मंत्री भवाली डिपो***

*भवाली डिपो की ओर से सहायक महाप्रबंधक द्वारा कर्मचारी समस्याओं का समाधान न करने पर आंदोलन का नोटिस दिया गया है। जिसकी कॉपी शाखा द्वारा मंडल को भी प्रेषित की गई है। शाखा स्तर पर समस्याओं का समाधान न होने पर मंडल स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। किसी भी सूरत पर कर्मचारियों का उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा।*

***-एलडी पालीवाल, मंडलीय अध्यक्ष, उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन***

# मां नैना देवी नैनीताल व्यापार मंडल ने ईओ भंडारी से की मुलाकात

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

मां नयना देवी नैनीताल व्यापार मण्डल द्वारा बुधवार को नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अतुल भंडारी से मुलाकात की।

इस दौरान शिष्टमंडल ने कहा कि मल्लीताल स्थित खड़ी बाजार में आवासीय क्षेत्र के साथ सौंदर्यीकरण के बाद खासी भीड़ और सीजन में पर्यटकों के देर रात तक आवाजाही होने से सुरक्षा और निगरानी हेतु उत्पन्न कारणों से बाजार में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने नितांत जरुरी हैं। इसके साथ ही शिष्टमंडल ने आम जानकारी के लिए दो छोटे बोर्ड लगवाये जाने की भी गुजारिश की। उन्होंने कहा कि बाजार के सौंदर्यीकरण के बाद से रख रखाव की काफी कमी है और कुछ बिजली की पोलो में बल्ब भी बदलवाने हैं इसलिए इस पर ध्यान देने की जरुरत है। खास बात शिष्टमंडल ने यह कही कि कैमरे की लागत का खर्चा माँ नयना देवी नैनीताल व्यापार मंडल स्वत- अपने सदस्यों के साथ मिलकर निर्वहन करेगा। शिष्टमंडल में व्यापार मंडल के संस्थापक अध्यक्ष पुनीत टंडन समेत अन्य पदाधिकारी व सदस्य शामिल रहे।



# 10 दिवसीय जैन ग्लोबल स्कूल में समर कैम्प का शानदार समापन



**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

10 दिवसीय जैन ग्लोबल स्कूल में समर कैम्प का शानदार समापन हो गया। गर्मियों की छुट्टियों में छात्रों के समय का सदुपयोग करने के लिए एवं छात्रों में विभिन्न कौशल एवं प्रतिभाओं को भी विकसित करने के लिए 10 दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। 10 दिवसीय समर कैंप में विभिन्न एक्टिविटी के माध्यम से

जैसै-आर्ट एंड क्राफ्ट,पॉटरी, फायरलेस कुकिंग, गार्डनिंग,स्पोर्ट्स एक्टिविटी,योग, कराटे, जुंबा डांस,म्यूजिक आदि गतिविधियों के माध्यम से छात्रों में विभिन्न कौशल और क्षमताओं को विकसित कर छात्रों में सामाजिक सहयोग, टीमवर्क एवं नेतृत्व करने की क्षमता को विकसित करने का अवसर प्रदान किया गया। समर कैंप के समापन के अवसर पर छात्रों ने सीखे गए विभिन्न कौशल एवं एक्टिविटी को मंच पर प्रदर्शित कर अपनी क्षमताओं का परिचय दिया। समापन के अवसर पर विद्यालय की डायरेक्टर नेहा जैन एवं प्रधानाचार्य दीपक गुप्ता ने विभिन्न एक्टिविटी एवं प्रतियोगिताओं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को सम्मानित भी किया। प्रधानाचार्य ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि किसी भी प्रतियोगिता में हार- जीत की भावना को त्याग कर प्रतियोगिता में प्रतिभाग करना ही आवश्यक है।

### पुलिस के हत्थे चढ़ा सटोरिया

**हल्द्वानी।** राजपुरा पुलिस ने सट्टे की खाईबाड़ी करते हुए एक सटोरिए को गिरफ्तार किया है। उसके पास से सट्टा पर्ची और नगदी बरामद हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ गैंबलिंग एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। राजपुरा चौकी पुलिस ने चैकिंग के दौरान रेलवे पटरी के पास सटटे की खाई-बाडी कर रहे युवक को धर दबोचा। पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम विजय आर्या पुत्र राजेश कुमार आर्या निवासी राजेन्द्र नगर वार्ड नंबर 13 बताया। उसके पास से 1080 रूपए की नगदी और सट्टा पर्ची बरामद हुई है।

# 21 जुलाई को होगी मैराथन, पूर्व सैनिकों को देंगे सम्मान

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

आगामी 21 जुलाई को आयोजित रेन रन सेकंड एडिशन हाफ़ मैराथन होने की जानकारी ट्राई क्लब द्वारा दी गई । ट्राई के संस्थापक दीपक दानी द्वारा बताया गया कि रेन रन में 5, 10, 21 किमी दौड़ का आयोजन किया जा रहा है ।

ट्राई क्लब की सदस्य प्रियंका माजिला ने बताया इस दौड़ में 450-500 लोग प्रतिभाग कर रहे हैं। वार्ता में मौजूद शिवालिक इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक रमेश शर्मा ने बताया कि इस दौड़ का उद्देश्य स्वास्थ लाभ तथा शहीदों एवं पूर्व सैनिकों को सम्मान देना है। कॉन्फ्रेंस में मौजूद शेखर त्रिपाठी ने बताया कि प्रदेश में बढ़ती गर्मी के चलते सभी प्रतिभागियों से एक एक वृक्ष लगाने का प्रण करवाया जाएगा ।



# सिडकुल की डोलफिन कंपनी श्रमिकों का गेट हंगामा, धरना, पुलिस से नोकझोंक

**आरोप**

हमारे संवाददाता

सिडकुल की एक कंपनी के श्रमिकों ने प्रबंधन पर तानाशाही का आरोप लगाते हुए प्रबंधन श्रमिकों का शोषण किया जा रहा है। श्रमिकों ने प्रबंधन पर कंपनी बेस श्रमिकों को ठेके के अधीन काम कराने का भी आरोप लगाया। इस बीच सूचना पर पहुंची पुलिस की श्रमिकों से नोंक झोंक हुई। गुरुवार को कंपनी के दर्जनों श्रमिक कंपनी गेट पर एकत्रित हुए और कंपनी प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जमकर हंसाया किया और गेट के पास ही धरने पर बैठ गए। इस दौरान श्रमिक महिलाओं का कहना था कि वह कई वर्षों से कंपनी बेस पर काम कर रही। आरोप है कि अब प्रबंधन ठेके के अधीन काम कराने के लिए दबाव बना रहा है। महिलाओं का यह भी आरोप है कि प्रबंधन 12- 12 घंटे से अधिक काम करा रहा है। महिलाओं ने बताया कि प्रबंधन ने सादे कागज पर हस्ताक्षर करा लिए हैं। उन्होंने प्रबंधन पर तानाशाही का आरोप लगाया। इस बीच मौके पर इंस्पेक्टर आरएस डांगी, चौकी प्रभारी सिडकुल प्रदीप कुमार मय पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे। पुलिस की श्रमिकों के साथ नोंक झोंक भी हुई। समाचार लिखे जाने तक श्रमिकों का धरना जारी था और पुलिस भी मौके पर तैनात था। इधर कंपनी प्रबंधन से इस मामले में जानकारी चाही तो उसने संपर्क नहीं हो सका।

